दाती तेरा मेरा प्यार कभी ना बदले

दाती, तेरा मेरा प्यार, कभी ना बदले ॥
*हो मईया, मेरा ये विचार, कभी ना बदले ॥
दाती, तेरा मेरा प्यार, कभी ना बदले ॥

^सत्संग तेरा, छोड़ू कभी ना,
"मुख मैं तुम से, मोड़ू कभी ना" ॥
हो मेरा ये व्यवहार, कभी ना बदले ।
दाती, तेरा मेरा प्यार,,,,,,,,,,,,,,,,F

^द्वार पे तेरे, आता रहूँ मैं,
"चरणों में शीश, झुकाता रहूँ मैं" ॥
हो मन से, मन का ये तार, कभी ना बदले ।
दाती, तेरा मेरा प्यार,,,,,,,,,,,,,,,,F

^अपना हो या, हो बेगाना,
"रूठे चाहे, सारा ज़माना" ॥
हो चाहे, सारा संसार, भले ही बदले,
दाती, तेरा मेरा प्यार,,,,,,,,,,,,,,,,F

^मन से मैला, भाव मिटाऊँ,
"दिल में मैं मईया, तुमको बसाऊ" ॥
हो तेरे, नाम का ख़ुमार, कभी ना बदले ।
दाती, तेरा मेरा प्यार,,,,,,,,,,,,,,,,F

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24388/title/dati-tera-mera-pyar-kabhi-naa-badle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |